मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 346, मुंबई, शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

महाराष्ट्र में आएगा भूचाल, शिवसेना यूबीटी होगी तबाह

उद्धव ठाकरे के रूख पर चंद्रशेखर बावनकुले ने दिए बड़े संकेत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में 238 के मुकाबले 288 वोटों से पास हो चुका है। अब इसे राज्य सभा में पेश किया जाएगा। लोकसभा में बिल का विरोध करने की वजह से पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना, बीजेपी और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के निशाने पर आ गई है। बीजेपी के नेता एक तरफ बिल को मुसलमानों के हित में लिया गया निर्णय बता रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ उद्धव के हिंदुत्व पर एक सवाल उठा रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

हवा में मचा हड़कंप !

लंदन से मुंबई जा रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग, 200 से ज्यादा यात्री फंसे

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। लंदन से मुंबई जा रही वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट श्र 358 को मेडिकल इमरजेंसी के कारण तुर्की के दियारबाकिर एयरपोर्ट र आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। बता दें कि यह एयरपोर्ट इस प्रकार की उड़ानों के लिए उपयुक्त नहीं था, फिर भी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 200 से अधिक भारतीय यात्री 16 घंटे से ज्यादा समय तक वहां फंसे रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लैंडिंग के दौरान विमान में तकनीकी खराबी भी आ गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, एक यात्री को घबराहट महसूस होने के कारण विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हालांकि, तुर्की का एयरपोर्ट इस स्थिति को संभालने के लिए पूरी तरह सक्षम नहीं था। एक यात्री ने बताया कि कई यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन ने अपनी उड़ान फिर से शुरू करने के लिए कोई वैकल्पिक योजना घोषित नहीं की है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

रात में झगड़े के बाद बहू ने सास को उतारा मौत के घाट



वजनी होने से शव नहीं उठा पाई तो बैग में रख कर हो गई फरार

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के जालना जिले घरेलु झगड़े के बाद हत्या की वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने झगड़े के बाद अपने घर में अपनी सास की कथित तौर पर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष नोपानी ने बुधवार को बताया कि प्रतीक्षा का विवाह छह माह पहले आकाश शिंगारे से हुआ था। आकाश लातूर में एक निजी कंपनी में काम करता है और महिला अपनी सास सविता शिंगारे (45) के साथ जालना की प्रियदर्शनी कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी। पुलिस उपनिरीक्षक राजेंद्र वाघ ने बताया कि मंगलवार रात दोनों महिलाओं के बीच झगड़ा हुआ और उसी दौरान प्रतीक्षा ने कथित तौर पर अपनी सास का सिर दीवार से भिड़ा दिया और बाद में चाकू से उस पर हमला किया। इस हमले में सास की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

मोदी सरकार बनाएगी हिंदू-पाकिस्तान!

वक्फ विवाद के बीच गरजे संजय राउत, बोले- मुसलमानों की इतनी चिंता तो जिन्ना ने नहीं की

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पारित किया गया। इसके बाद राज्यसाभ में वक्फ विधेयक को लेकर चर्चा जारी है। इस विधेयक पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि ये विधेयक लोगों का ध्यान भटकाने की एक रणनीति है। कल ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंदुस्तान पर 26 प्रतिशत टैरिफ का आक्रमण किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

आपको मुसलमानों की चिंता कब से होने लगी : संजय राउत

संजय राउत ने अपने भाषण में आगे कहा, आप यहां मुसलमानों की हित की बात कर रहे हैं। आपको मुसलमानों की चिंता कब से होने लगी? आप ही लोग मुसलमानों को चोर, जमीन छीनने वाला, मंगलसूत्र छीनने वाला, गाय-बैल उठाने वाला, मुसलमान की दुकान से मीट न खरीदें, देशद्रोही कहते हैं, बटेंगे तो कटेंगे और अब उसकी संपत्ति के रखवाले बने हो। आप विधेयक के जरिए बेचने-खरीदने की बात पर आ गए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

ट्रंप के मारक टैरिफ

ट्रंप के एलान से दुनिया में व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। उचित ही यह कहा गया है कि ताजा कदम के साथ अमेरिका ने पहले से ही पलट रहे भूमंडलीकरण की समाप्ति की अंतिम घोषणा कर दी है।

भारत राहत महसूस कर सकता है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने टैरिफ की मार से औषधि उद्योग को फिलहाल बाहर रखा है। संभवतः अपने देश में दवाओं की महंगाई से लोगों की नाराजगी वे मोल नहीं लेना चाहते थे। मगर बाकी क्षेत्रों में उन्होंने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। दुनिया के बाकी देशों की तरह उन्होंने भारत के मामले में भी यह मनमाना आकलन किया कि अमेरिकी उत्पादों पर भारत में औसतन 52 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। उनके प्रशासन ने यह निष्कर्ष गैर-टैरिफ एवं अन्य व्यापार बाधाओं से अमेरिका को अनुमानित नुकसान का आकलन करते हुए निकाला है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन ने बात सिर्फ टैरिफ तक नहीं रहने दी है। वरना, भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसत टैरिफ तकरीबन 17.5 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा लगभग 39 प्रतिशत आयात शुल्क कृषि उत्पादों पर लगता है, जबकि कई वस्तुओं पर टैरिफ बेहद कम है। मगर ये तथ्य ट्रंप प्रशासन के लिए अप्रासंगिक रहा। बहरहाल, बहुप्रचारित ह्यमेक अमेरिका वेल्थी (धनी) अगेन इवेंट में ट्रंप ने जो एलान किए, उससे दुनिया में व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। उचित ही यह कहा गया है कि ताजा कदम के साथ अमेरिका ने पहले से ही पलट रहे भूमंडलीकरण की समाप्ति की अंतिम घोषणा कर दी है। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ का विभिन्न देश अपने- अपने ढंग से जवाब देंगे। परिणामस्वरूप विश्व व्यापार में गिरावट आना तय है। इसका असर विभिन्न देशों के उद्योग-धंधों पर पड़ेगा। नतीजतन, वहां आमदनी, उपभोग एवं मांग में गिरावट आएगी। यूबीएस (स्विस बैंक) के आकलन के मुताबिक ये टैरिफ जारी रहे, तो अमेरिका में मुद्रास्फीति दर में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। चीन, यूरोपियन यूनियन आदि जैसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की जवाबी कार्रवाइयों का असर अलग है। तो कुल मिला कर ट्रंप ने दुनिया को अवनति की दिशा में धकेल दिया है। मगर इससे अमेरिका का भी कोई भला नहीं होगा। आखिर आर्थिक नियमों का उल्लंघन कर कोई टिकाऊ लाभ हासिल नहीं किया जा सकता। नियम यह है कि टैरिफ एक दोधारी तलवार है, जिसकी मार से दोनों तरफ खून बहता है।

2 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे ठाणे नगर निगम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया

मुंबई हलचल/ संवाददाता

ठाणे नगर निगम ने 2016 और 2019 में एक गलत सर्वेक्षण किया था जब 40,000 से अधिक फेरीवाले थे। गलत सर्वे करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही नगर पथ विक्रेता समिति के चुनाव में अब तक सर्वे किये गये सभी हॉकरों को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए. इसके लिए सभी 6000 सर्वेक्षित स्ट्रीट वेंडरों की संशोधित मतदाता सूची तैयार कर ली गयी है. बृहन्मुंबई नगर निगम की तर्ज पर, ठाणे नगर निगम को चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से 5 वार्ड समितियों में 5 जोनल स्ट्रीट वेंडर समितियां और 1 मुख्य शहर स्ट्रीट वेंडर समिति जैसी 6 समितियों की स्थापना करनी चाहिए। कानून के मुताबिक फेरीवालों को चुनाव के लिए 3 महीने का समय दिया जाना चाहिए

और मौजूदा चुनाव को रद्द कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए. 2014 हॉकर्स लाइवलीहुड एक्ट के मुताबिक सर्वे होने तक हॉकर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए. फेरीवालों से अवैध रूप से करोड़ों रुपये की किस्त वसूलने वाले रोहित ओझा की जांच कर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई करने को कहा। रेहड़ी-पटरी वालों को रुपये की रसीद देना बंद कर देना चाहिए। सफाई के नाम पर 30 रु. हॉकर्स अधिनियम की धारा 27 और 37 के तहत 50 वर्ष से अधिक पुराने बाजारों को ठाणे नगर निगम सीमा के भीतर प्राकृतिक बाजारों के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। उक्त मांग को पूरा करने के लिए 2 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे कछारली झील पर ठाणे नगर निगम कार्यालय के पास परमार्थ निकेतन के सामने धरना दिया गया। उपायुक्त मुख्यालय गोदापुरे ने मुलाकात कर चर्चा की. उन्होंने उपरोक्त मांगों पर कमिश्नर से चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष समाज सेवी श्री अमोल धनराज केन्द्रे सामाजिक कार्यकर्ता सुश्रीमतीअश्विनी अमोल केंद्रे दीपक भालेराव विश्वरत्न डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर पठारी ठेला एसोसिएशन महाराष्ट्र राज्य सचिव कोंकण क्षेत्र। अभय लाल दुबे. धक्केबाज युवा प्रतिष्ठान कार्यकारी अध्यक्ष। राजू भाई गुप्ता दोस्ताना जनसेवा ग्रुप अरविन्द कोठारी आरटीआई कार्यकर्ता बबन कांबले मेहनतकश हॉकर्स यूनियन के अनिल मौर्य, कृष्ण जाधव समेत सैकड़ों हॉकर्स मौजूद थे।

मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने लॉन्च किया इनोविन डे

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) द्वारा पहचाने गए कई तकनीकी नवाचारक भारत की प्रमुख चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, कृषि क्षेत्र में बदलाव, जल संकट और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन का समाधान खोज रहे हैं। ये नवाचारक खेती के अवशेषों से फर्नीचर बना रहे हैं, औद्योगिक उत्सर्जन को उपयोगी रसायनों में बदल रहे हैं, दुर्लभ-अर्थ मैग्नेट मुक्त मोटर प्रणाली विकसित कर रहे हैं, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर रहे हैं और हवा से नमी निकालकर पानी प्राप्त कर रहे हैं। ये सभी नवाचार भारत की हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन इन समाधानों को बड़े स्तर पर लागू करने के लिए निवेशकों, अनुदानदाताओं और व्यावसायिक ग्राहकों से जुड़ना आवश्यक है। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने आज इनोविन डे लॉन्च किया। यह एक विशेष प्रभावशाली कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025 के विजेताओं और स्केल-अप कार्यक्रम के नवाचारकों को वित्तीय सहायता, बाजार तक पहुंच, पायलट प्रोजेक्ट के अवसर और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से जोड़ना है।

इस पहले इनोविन डे में 24 नवाचारकों ने भाग लिया, जो क्लीनटेक (हरित तकनीक), एग्रीटेक (कृषि तकनीक) और सर्कुलर इकॉनॉमी (पुनर्चक्रण आधारित अर्थव्यवस्था) जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उनके समाधान बाजार में लॉन्च होने के लिए तैयार हैं। इनमें इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025 के सामाजिक और व्यावसायिक श्रेणी के विजेता असिस्टेक फाउंडेशन, चारा टेक्नोलॉजीज, इंद्रा वॉटर, परी और रॉकेट लर्निंग शामिल थे। इसके

अलावा, एमआईएफ के स्केल-अप एक्सेलरेटर प्रोग्राम में भाग लेने वाले ब्रिसिल, कैलिचे, ग्रीनपॉड लैब्स, ईशित्वा रोबोटिक सिस्टम्स, पैडकेयर, रिक्रॉन पैनल्स, उरावू, अर्बन किसान और अन्य नवाचारक भी इस पहल का हिस्सा थे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवाचारकों और उन हितधारकों के बीच बने महत्वपूर्ण संबंध थे, जो भविष्य में निवेश, सहयोग, पायलट प्रोजेक्ट्स और बाजार में पहुंच की संभावनाएं खोल सकते हैं। प्रमुख निवेशक और कॉर्पोरेट भागीदारों में वेदांता, कोलगेट-पामोलिव, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू वेंचर्स और इंडिया क्लाइमेट कोलैबोरेटिव जैसी कंपनियां शामिल थीं, जिन्होंने शुरूआती चरण के नवाचारों को व्यावसायिक रूप से सफल उद्यमों में बदलने के लिए सहयोग देने की प्रतिबद्धता दिखाई। इनोविन डे की शुरूआत मैरिको लिमिटेड के अध्यक्ष और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मारीवाला के मुख्य भाषण से हुई। इसके बाद स्केलिंग स्ट्रैटेजीज विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें एस4एस टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैभव तिडके और एटोमबर्ग टेक्नोलॉजीज के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अरिंदम पॉल ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके विशेष इनोवेशन-सौर ऊर्जा से चलने वाली खाद्य प्रसंस्करण प्रणाली और बीएलडीसी मोटर्स-कैसे उद्योग में मानक बन गए हैं। उनका सफर दिखाता है कि उद्देश्य-चालित नवाचार, जब सही रणनीति के साथ लागू किया जाता है, तो यह सिर्फ शुरूआती ग्राहकों तक सीमित नहीं रहता बल्कि मुख्य बाजार को भी नया रूप देता है। कार्यक्रम में बोलते हुए हर्ष मारीवाला ने कहा, स्टार्टअप्स के लिए मजबूत नेटवर्क बनाना बहुत जरूरी है। निवेशक और कॉर्पोरेट कंपनियां स्टार्टअप्स के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं-वे पूंजी, मार्गदर्शन, बाजार पहुंच और विशेषज्ञता प्रदान करते हैं, जिससे स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। नवाचार सहयोग से ही फलता-फूलता है, और इनोविन डे इस सहयोग को बढ़ावा देने का हमारा प्रयास है। वैभव तिडके ने कहा, एमआयएफ के रणनीतिक मार्गदर्शन ने हमारे व्यवसाय मॉडल को आकार दिया और विकास को तेज किया। हमारी आय 2019 में जो 60 लाख से बढ़कर 2023 मे 100 करोड़ हो गई, जो एमआयएफ के रणनीतिक मार्गदर्शन के प्रभाव को दर्शाती है। अरिंदम पॉल ने एटॉमबर्ग की व्यावसायिक प्रगती पर व्यक्त होते हुए कहा, जब हमने 2017 में एमआयएफ के स्केल-अप प्रोग्राम में भाग लिया, तब हम ई-कॉमर्स में 7-8% बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के बाद ऑफलाइन विस्तार की योजना बना रहे थे। हमें जो मार्गदर्शन मिला, उसने स्पष्ट दिशा दि गयी थीः पहले व्यवसाय के गहराई में जाओ, ऑफलाइन सोचने से पहले ऑनलाइन बाजार में नेतृत्व हासिल करो। यह सिद्धांत-विस्तार से पहले फोकस-तब से हमें लगातार मार्गदर्शन करता आ रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

डॉ सैय्यद खालिद कैस को रशियन स्पेस एजेंसी जियोस्कैन द्वारा अद्भुत सम्मान मिलने पर देश भर में हर्ष का माहौल

मुंबई हलचल/संवाददाता

पुणे। भारत के भोपाल निवासी प्रेसिडेंट, प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, आर टी आई, मानव अधिकार कार्यक र्ता, अध्यक्षः वर्ल्ड जर्नलिस्ट्स कौंसिल, तथा देश भर से प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकाओं के स्वामी, प्रकाशक, सम्पादक डॉक्टर सैयद खालिद कैस को रशियन स्पेस एजेंसी द्वारा अद्भुत सम्मान दिया गया है। इस आशय की जानकारी विश्व शांति दूत डॉ सुधीर तारे ने दी और डॉ सैयद खालिद कैस का अभिनंदन और शुभ कामनाएँ प्रेषित की। गौरतलब हो कि रशियन स्पेस एजेंसी जियो स्कैन द्वारा, ईस्वी 2025 में, वोस्तोच्नी कॉस्मोड्रोम से, सोयुझ रॉकेट 2.1 से, सैटेलाइट 239 अल्फेरोव अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया

जाएगा और उसमें विश्व के चुनिन्दा प्रतिभासंपन्न व्यक्तियों का नाम परिचय फोटो अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, उन चुनिन्दा गणमान्य प्रतिभावान व्यक्तियों में भारत के एडवोकेट डॉ सैयद खालिद कैस का नाम शामिल है। रशियन स्पेस एजेन्सी ने बोर्डिंग टिकट और सर्टिफिकेट भी जारी किया। ज्ञातव्य हो कि डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस पत्रकारिता के क्षेत्र में विगत 30वर्ष से अधिक समय से सेवारत हैं। श्री कैस राष्ट्रीय हिन्दी मासिक 'द क्यूरी.' 'कहकशां-ए-हिन्द' राष्ट्रीय मासिक 'कायनात टुडे' सहित पुस्तक के लेखक 'सूचना के सारथी' और 'लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ लहू-लुहान' एवं खबरें आजतक लाइव न्यूज सहित एनडीटीवी-18 लाईव न्यूज के भी स्वामी हैं। वह आर टी आई एक्टिविस्ट्स काउन्सिल ऑफ इंडिया सहित आल इंडिया ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस कौंसिल के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। डॉ सैय्यद खालिद कैस को रशियन स्पेस एजेंसी जियोस्कैन द्वारा अद्भुत सम्मान मिलने पर देश भर में हर्ष का माहौल है।

हजरत सैयद राजावल्ली, हजरत सैयद बादशाह वल्ली उरुस हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने श्रद्धा भाव से मनाया

मुंबई हलचल/संवाददाता

सांगली। तहसील तासगांव के भाळवणी ग्राम के हजरत सैयद राजावल्ली, हजरत सैयद बादशाह वल्ली उरुस भाळवनी हिंदू मुस्लिम भाई उरुस हर्स उल्लास के साथ यात्रा मनाते हैं, यह उरुस गुढीपाडवा के 5 दिन बाद मनाया जाता है। गुढीपाडवा के चौथे दिन गांव के सभी नागरिक एक दिन का रोजा रखते हैं और रात में मलीदा जिस में रोटी और शक्कर को मिक्स चुरा कर उस का भोग चढ़ाते हैं। इस दिन को गंध रात्रि के रूप में जाना जाता है और इसे एक पवित्र दिन के रूप में मनाया जाता है। गांव के सभी हिंदू और मुस्लिम भाई इस उरुस को मनाने के लिए एक साथ आते हैं। गांव के ग्रामीण पूरी श्रद्धा के साथ हजरत सैयद राजावल्ली और हजरत सैयद बादशाहवल्ली की दरगाह पर

आतिशबाजी कर, बाजा बजाकर जश्न मनाते हैं और चादर लेकर दरगाह तक जाते हैं। सभी नागरिक इस उरुस को पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। दूसरे दिन, मांसाहारी भोजन के लिए सभी मित्र परिवार, रिश्तेदारों को आमंत्रित करते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि हजरत सैयद राजावल्ली और हजरत सैयद बादशाह वल्ली की दरगाह एक पवित्र स्थान है और यहां मन में व्यक्त की गई सभी मुरादें पूरी होती हैं,यह विश्वास है। दरगाह में हर चीज की योजना बनाने, देखरेख और निगरानी की जिम्मेदारी मुजावर परिवार समुदाय करते है। गांव के उरुस और यात्रा की योजना गांव की यात्रा समिति द्वारा बनाई जाती है। इस उरूस में अनेक प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। उस वक्त दरगाह कमेटी के अजूमुद्दीन मुजावर, जफर मुजावर, जावेद मुजावर, जियाउद्दीन मुजावर, अलाउद्दीन मुजावर, इनायतुल्लाह मुजावर उर्फ ला भाई, मूसा मुजावर , इकबाल मुजावर, मोहसिन मुजावर, शौकत मुजावर,समीर मुजावर, फैयाज मुजावर, सलीम मुजावर, मूसा मुजावर उर्फ पिंटू, याकूब मुजावर एवं ग्राम वासी, विट्ठल गणपति धनवडे,शुभम शंकर धनवडे, उपस्थित थे।

पुस्तक लोकार्पण, सम्मान समारोह और काव्य सम्मेलन संपन्न

मुंबई। नीलम पब्लिकेशन और साहित्यनामा पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में दिनेश वर्मा द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण, सम्मान समारोह और काव्य सम्मेलन का भव्य आयोजन 31 मार्च 2025 सोमवार को जोगेश्वरी स्थित राम मंदिर सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र साहित्य अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शीतला प्रसाद दूबे जी ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ शारदे की अराधना और दीप प्रज्वलन से आरम्भ हुआ। साहित्य और समाज के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाली विभूतियों को प्रकाशन ने साहित्य गौरव, साहित्य शलाका और साहित्य सारथी सम्मान से सम्मानित किया। कार्यकम का संचालन साहित्य अकादमी पुरस्कृत श्री राम सिंह और डॉक्टर कृपाशंकर मिश्र जी ने किया। प्रकाशन ने डॉक्टर कृपाशंकर मिश्र की 'मुक्तक मनुहार', कुसुम तिवारी झल्ली की 'जीवन के इंद्रधनुष', श्रीमती आशा द्विवेदी की 'शिवाली , प्रवीण तरार की जख्म-ए -बेवफाई, श्रीमती रूपाली वशिष्ठ की भावनाओं के पंख और हिंदी के विविध आयाम शिव प्रसाद एच.कोहली की किताबों का विमोचन कार्य भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर साहित्यकार दृगेश यादव, राधेश्याम द्विवेदी, सेवा सदन प्रसाद, विजय पाटील, शिवण्ण हदिमुर, प्रवीण तरार, आशुतोष द्विवेदी, रूपाली वशिष्ठ, ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्रा आर. के. कालेज के संस्थापक आर. के. सर, डॉक्टर दिलीप पाल, डॉक्टर दिनेश वर्मा, चांदनी सिंगला, पत्रकार राजेश प्रसाद, नंदन मिश्र, प्रीति सोनी, अशोक तिवारी, गौरीशंकर चौबे, विनोद कुमार सिंह, सुनील पांडेय समाज सेवी यू.आई .यादव ,चिकित्सक बी. जे. सिंह, समाजसेवी विनोद के. त्रिपाठी, रविन्द्र दूबे आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आयोजक दिनेश वर्मा के आभार प्रदर्शन और रात्रि भोज के साथ सम्पन्न हुआ।

नवनिर्मित चाइल्ड फ्रेंडली कोर्ट वर्चुअल उद्घाटन हुआ शीघ्र न्याय मिलेगा

मुंबई हलचल/संवाददाता

मनावर। मनावर नगर के समीप स्थित ग्राम डोंचा में नवनिर्मित चाइल्ड फ्रेंडली कोर्ट का चीफ जस्टिस सुरेश कुमार केत एवं पोर्टफोलियो जज उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के प्रेम नारायण सिंह द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल, एडीजे प्रथम भूपेंद्र नकवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रदीप कुमार सोनी, एसडीओपी अनु बेनीवाल अधिवक्ता इरशाद अली, सलीम खान, मीडियाकर्मी, मनावर प्रेस क्लब अध्यक्ष अनील जैन सैयद रिजवान अली जय प्रकाश सेन, बसंत जख्मी, इकबाल मंसूरी, योगेश जख्मी, शाहनवाज शेख, मुन्ना जैन उपस्थित रहें। इस बाल न्यायालय के उद्घाटन के बाद ही यह कोर्ट अस्तित्व में आकर प्रारंभ हो जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष युसूफ खान और सचिव हिमांशु भक्त ने बताया कि यह मनावर क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है, तथा क्षेत्र में हो रहे बाल अत्याचारों की सुनवाई भी इसी न्यायालय में होगी तथा उन्हें शीघ्र ही न्याय उपलब्ध होगा।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

महाराष्ट्र में आएगा भूचाल

इसका जवाब उद्धव ने गुरुवार को अपने निवास मातोश्री पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया। उद्धव ठाकरे ने बिल को लेकर संदेह जताते हुए कहा कि बीजेपी की नजर आज वक्फ की जमीन पर है तो कल हिंदुओं के धार्मिक संस्थान पर भी ये खतरा आ सकता है। उद्धव ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी की भूमिका फिलहाल समझ से परे है। वे पहले औरंगजेब की कब्र खोदने जाते हैं और फिर इन्हीं के लोग रुकने का आदेश देते हैं। ईद के दौरान सौगात ए मोदी बांटी गई। सभी ने ईद पार्टियां कीं पार्टियों का लुत्फ उठाया और अब डकार मारकर वक्फ बोर्ड बिल पेश करने पहुंच गए हैं। उद्धव ने बीजेपी की नियत पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनके खाने और दिखाने के दांत अलग-अलग हैं।

हवा में मचा हड़कंप!

एक अन्य यात्री ने कहा कि हम एक अधूरी जानकारी के साथ, लगभग खाली पड़े टर्मिनल में फंसे हुए हैं। हमारे साथ छोटे बच्चे, महिलाएं और कुछ बीमार यात्री भी हैं। हमें केवल कल शाम को दो हैंडआउट्स दिए गए थे, और उसके बाद से हमें कोई नई सूचना नहीं मिली है। अब हमें यहां उतरे करीब 14 घंटे हो चुके हैं। एक एक्स उपयोगकर्ता ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सहायता देने का आश्वासन दिया है, और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्थिति को प्रबंधित करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वो तब तक काम करते रहेंगे जब तक की सभी यात्री सुरक्षित लौट नहीं आते।

रात में झगड़े के बाद बहू ने सास को उतारा मौत के घाट

उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी प्रतीक्षा ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बैग में रखा, लेकिन वजन अधिक होने के कारण वह बैग उठा नहीं पाई और बुधवार सुबह करीब छह बजे घर से फरार हो गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह अपने पैतृक शहर परभणी के लिए ट्रेन में सवार हो गई। उन्होंने बताया कि मकान मालिक को बैग में शव मिला और उसने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। वाघ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी महिला प्रतीक्षा शिंगारे (22) की तलाश शुरू की और उसे बुधवार को बुधवार को परभणी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि महिला की मौत सिर में चोट लगने के कारण हुई।

मोदी सरकार बनाएगी हिंदू-पाकिस्तान!

असली मुद्दे के दिन सरकार ने वक्फ बिल लाया है। सब कुछ डुबा दिया। ये लोगों का ध्यान भटकाने लिए उसी दिन लाया गया है। संजय राउत ने कहा, सदन में चर्चा ये होनी चाहिए कि हिंदुस्तान पर लगे टैरिफ से हमारे देश पर क्या असर पड़ेगा, लेकिन इसका ध्यान हटाने के लिए हिंदू-मुस्लिम पर ध्यान लेकर आ गए, जब भी महंगाई और रोजगार पर बात आती है तो आपकी सरकार धार्मिक मुद्दा लाकर 2 से 5 दिन चर्चा करते हो।

खबर संक्षेप

अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

अंधेरी। मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि

बिल की कॉपी फाड़ने पर ओवैसी पर बरसे विज

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को लोकसभा में पारित हुए वक्फ संशोधन बिल का स्वागत किया। उन्होंने इसे गरीब मुसलमानों की भलाई के लिए अच्छा कदम बताया। विज ने औवेसी द्वारा वक्फ बिल की कॉपी फाड़े जाने की भी निंदा की। सुर्खियों में बने रहने को ओवैसी ऐसी हरकत करते हैं।

सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस



सोलापुर। महाराष्ट्र के सोलापुर में गुरुवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सिस्मोलॉजी सेंटर के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप सुबह 11.22 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के सांगोला के पास 5 किलोमीटर की गहराई में था।

जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल से दी गई है। इसके बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और एटीएस की टीम ने कलेक्ट्रेट में तलाशी ली। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम विस्फोट करने की धमकी फर्जी पाई गई।

लोकसभा के बाद राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया

मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा, हमने इसके दोषों को मिटा दिया

अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को सरकार की तरफ से मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया। रिजिजू ने कहा कि यहां कहा गया है कि हम जो कदम उठा रहे हैं, मुसलमानों को नुकसान होगा। ये संशोधन गैरकानूनी है, असंवैधानिक है। सभी को अपनी बात कहने का हक है। जो आरोप लगाए गए हैं, हम उसका खंडन करते हैं। उन्होंने कह कि मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। वक्फ क्रिएट करने वाला भी मुस्लिम ही होगा। प्रॉपर्टी मैनेजमेंट में वक्फ बोर्ड को ताकतवर बनाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, ये सुझाव हमको चाहिए। रिजिजू ने कहा कि थोड़ा सा अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर में करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी। संक्शन 40 में कोई किसी प्रॉपर्टी को क्लेम करता था तो उसे वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिया जाता था, इसे हमने हटा दिया। वक्फ बाई यूजर में जो सेटल केस है, उसे हम कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे।

अब कितनी आय होगी? पहले 12000 करोड़ थी

रिजिजू ने कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं: पात्रा

बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं जबकि भारत में वक्फ बोर्ड को कानूनी मान्यता प्राप्त है। पात्रा ने कहा कि मैं सदन में उन इस्लामिक देशों का नाम बताना चाहूंगा जहां वक्फ का वजूद नहीं है। तुर्की, लीबिया, इजिप्ट, सूडान, लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, ट्यूनीशिया, इराक जैसे इस्लामिक देशों में वक्फ बोर्ड नहीं है। वहीं भारत में वक्फ बोर्ड है। भारत में वक्फ की प्रॉपर्टी को कानूनी सुरक्षा दी गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि उसके बाद भी हंगामा क्यों है बरपा?

धनखड़ ने की ऐसी मजेदार टिप्पणी

बीएसएनएल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा

राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐसी बात कह दी, जिसने सदन का माहौल में हल्का कर दिया। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल से जुड़े एक प्रश्न पर चर्चा चल रही थी, तभी सभापति धनखड़ ने मजाकिया अंदाज में बीएसएनल का नया नामकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएनल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कह रहे थे देश के दूर-दराज के इलाकों में निजी टेलीकॉम कंपनियों का नेटवर्क अक्सर काम नहीं करता, लेकिन बीएसएनएल वहां भी मौजूद रहता है और सेवाएं देता है। पटेल की इस टिप्पणी का समर्थन करते हुए धनखड़ ने कहा कि बीएसएनएल के कनेक्शन को लेकर लोगों के मन में भरोसा बना रहता है।

कोलकाता में सीएम ममता का ऐलान

जब भाजपा सरकार हटेगी,वक्फ बिल को रद्द कर देंगे

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को लोकसभा में पास हुए वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जब भाजपा की सरकार हटेगी तब इस वक्फ बिल को रद्द कर देंगे। उन्होंने भाजपा पर वक्फ बिल के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है।

राज्यसभा में पास हुआ तो कोर्ट जाएगा पर्सनल लॉ बोर्ड

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य नौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि अगर वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी दे दी जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड कोर्ट जाएगा। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा क्योंकि हमारा पक्ष सांविधानिक तथ्यों के अनुरूप है। उम्मीद थी कि जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम बिल का विरोध करेगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

यह विधेयक झूठ पर आधारित: नासिर

विपक्ष ने सरकार पर किया पलटवार

वक्फ विधेयक पर राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि आप (सत्ता पक्ष) सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते हैं और फिर हम पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाते हैं। यह विधेयक पूरी तरह से झूठ पर आधारित है और पिछले 6 महीनों में गलत सूचना अभियान चलाया गया है। भाजपा की फर्जी फैक्ट्री गलत सूचना फैलाने में लगी हुई है। जेपीसी में विपक्षी सदस्यों द्वारा की गई किसी भी सिफारिश को विधेयक में शामिल नहीं किया गया।

सरकार की नीयत पर संदेह: मनोज झा

राष्ट्रीय जनता दल के प्रो. मनोज कुमार झा ने सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। सरकार को इस तरह के कानून बनाने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

लोगों का अधिकार छीन रही सरकार: संजय

आप सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहेब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

अतिरिक्त समय मिलेगा: तिवाड़ी

कुछ अहम रेफरेंस की तलाश किए जाने की बात कहने पर पीठासीन सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने चुटकी भी ली। उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आपको अतिरिक्त समय मिलेगा। आप अपनी बात रखिए।

राजधानी में आयोजित सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

वैश्विक भू-रणनीतिक बदलावों, अनिश्चितताओं के बीच गतिशील योजना बनाएं सैन्य बल: राजनाथ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा दौर में विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। ऐसे में घटनाएं चाहे हमारे निकट पड़ोस में हों या दूर के देशों में, उनका प्रभाव सभी पर पड़ेगा। भविष्य के पारंपरिक युद्धों में हाइब्रिड युद्ध के साथ ही अपरंपरागत और असिमित युद्ध शामिल होंगे। इसके अलावा साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बन गए हैं।

वर्तमान भू-रणनीतिक परिवर्तन और अनिश्चितताओं के साथ जारी वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों के मद्देनजर सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए गतिशील योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आधुनिक तकनीक को शामिल करने वाली सैन्य खुफिया जानकारी के महत्व पर ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सेना का यह कमांडर सम्मेलन 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अलावा बल की सभी कमांड के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

आतंकवाद को लेकर सराहा सेना का रुख

उन्होंने उत्तरी सीमाओं पर बनी हुई मौजूदा स्थिति के संदर्भ में सैनिकों पर भरोसा जताते हुए सशस्त्र बलों की दृढ़ता और सतर्कता की सराहना की। राजनाथ ने बीआरओ के प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि इनकी वजह से कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क सुविधाओं में बहुत अधिक सुधार हुआ है।

पश्चिमी सीमाओं पर मौजूद सीमा पार आतंकवाद को लेकर राजनाथ ने भारतीय सेना के कड़े रुख की तारीफ की और कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ, पुलिस बलों और सेना के बीच बेहतरीन तालमेल की सराहना करता हूं। ऐसे समन्वित अभियान जम्मू-कश्मीर में क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

सैद्धांतिक बदलावों पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर सैद्धांतिक परिवर्तन किए जाने चाहिए। राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्व है। सरकार सुधारों और क्षमता आधुनिकीकरण के रास्ते पर बल को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के अभियान को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के लिए अभियानों को हरी झंडी दिखाई। संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंगा पर चढ़ना है। इसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। इसका नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे। भारतीय सेना के माउंट एवरेस्ट अभियान में 34 पर्वतारोही शामिल हैं और यह दल पारंपरिक साउथ कोल रूट का अनुसरण करेगा जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी करेंगे। इसके अलावा, माउंट एवरेस्ट पर एक संयुक्त एलसीसी अभियान का नेतृत्व कर्नल अमित बिष्ट करेंगे। इस दल में 5 छात्रा कैडेट, 5 छात्र कैडेट, 4 अधिकारी और 11 स्थायी प्रशिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। इस महीने शुरू होने वाले इन अभियानों का लक्ष्य मई 2025 तक अपने-अपने शिखरों पर पहुंचना है।

ये अभियान युवाओं को प्रेरित करेंगे

रक्षा मंत्री ने पर्वतारोहियों से बातचीत कर उनके साहस, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि ये अभियान युवाओं को प्रेरित करेंगे और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पर्वतारोहण में भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करेंगे। इन अभियानों को सशस्त्र बलों के असाधारण कौशल, लचीलेपन और अदम्य भावना को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनसे भावी पीढ़ियों को साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता की भावना के साथ अपने सपनों को

सैनी ने समाधान शिविर में जनता से की बातचीत फीडबैक लिया

डीसी और एसडीएम प्रतिदिन समाधान शिविर में शिकायतों का करें समाधान: नायब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की।

सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635 शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है। सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सैनी ने जोर दिया कि जिला स्तर के अलावा उप-मंडल मुख्यालयों पर भी नियमित रूप से समाधान शिविर होने चाहिए। विभागों के अधिकारी भी इन शिविरों में मौजूद रहें, ताकि उनके विभागों से संबंधित जन शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। यदि लोगों को एक ही मुद्दे के लिए बार-बार समाधान शिविरों में जाना पड़ता है तो इसके लिए अधिकारी जवाबदेह होंगे।

आंदोलन को लेकर किसान नेता ने किया ऐलान

129 दिन बाद गांव लौटकर डल्लेवाल ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ाई चलेगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पंजाब के पटियाला के निजी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बीकेयू एकता सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल वीरवार को फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे। किसान नेता डल्लेवाल पूरे 129 दिन बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। इससे पहले वे 25 नवंबर को अपने गांव से खनौरी बॉर्डर के लिए आमरण अनशन के लिए निकले थे। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे

किसान महापंचायत का आयोजन किया गया

गांव डल्लेवाला में भाकियू एकता सिद्धूपुर की अगुवाई में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे जबरन खत्म करवाए जाने का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में किसानों की मांगों को लेकर संघर्ष को और तेज करने का बड़ा ऐलान भी किया गया।

मान सरकार ने छुरा घोंपा : पंजाब की मान सरकार ने धोखे से किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बैठक के लिए बुलाकर किसानों को गिरफ्तार किया गया हो।

श्रीहरिकोटा में बनेगा तीसरा लॉन्च पैड, चार साल में होगा तैयार

भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन यहीं से होंगे लॉन्च

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरा लॉन्च पैड (टीएलपी) स्थापित करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 3984.86 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है और इसे अगले चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसरो अपने नए 'नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल' (एनजीएलवी) पर काम कर रहा है, जो 90 मीटर ऊंचा और 1000 टन वजनी होगा। मौजूदा लॉन्च पैड इस तरह के भारी और बड़े रॉकेट लॉन्च करने के लिए सक्षम नहीं हैं, इसलिए नया लॉन्च पैड बनाया जा रहा है। इस

लॉन्च पैड को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि इसमें भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन के लॉन्च की भी सुविधा हो।

एनजीएलवी में नौ इंजन होंगे

उन्होंने कहा कि नए लॉन्च पैड में 'टिलटेबल अंबिलिकल टावर' (टीयूटी) होगा, जिससे रॉकेट को हॉरिजोन्टल रूप में तैयार कर उसे वर्टिकल स्थिति में लाया जा सकेगा। एनजीएलवी का पहला चरण नौ इंजनों के समूह के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसकी 'हॉट टेस्टिंग' लॉन्च पैड पर ही होगी, जिससे अलग से परीक्षण केंद्र बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

एसएसी ने कई उन्नत टेक्नोलॉजी विकसित कीं

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) 1966 से इसरो की प्रमुख अनुसंधान इकाई के रूप में कार्य कर रहा है। इसे डॉ. विक्रम साराभाई ने स्थापित किया था। एसएसी ने चंद्रयान-3 मिशन, क्वांटम टेक्नोलॉजीज, कृषि, समुद्र विज्ञान और आपदा प्रबंधन के लिए सैटेलाइट तकनीकों के विकास में अहम योगदान दिया है। एसएसी ने अब तक कई उन्नत टेक्नोलॉजी विकसित की हैं, जिनमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) के लिए एस-बैंड एसएआर, चंद्रयान-3 के लिए लैंडर और रोवर कैमरे, नेविगेशन सिस्टम और संचार उपग्रहों के लिए हाई-थ्रूपुट संचार पेलोड शामिल हैं। एसएसी वर्तमान में जीसेट-7आर, रिसोर्ससैट-3, ओशन्सैट-3ए, जी20 सैटेलाइट, भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह (आईएमजेएस), जीसेट-एन3 और आईडीआरएसएस-2 समेत कई महत्वपूर्ण उपग्रहों के पेलोड विकसित कर रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

भारत के झींगा, कालीन और स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुल्क नीति की घोषणा की। घोषणा में सभी आयातित वस्तुओं पर एक सार्वभौमिक 10 प्रतिशत शुल्क शामिल है, जो पांच अप्रैल से प्रभावी होगा। वहीं नौ अप्रैल से 27 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा।

शुल्क से 60 से अधिक देश प्रभावित

अमेरिका द्वारा घोषित उपायों से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका घरेलू झींगा मछली उद्योग का सबसे बड़ा बाजार है। अधिक शुल्क के कारण अब झींगा मछली, अमेरिकी बाजार में काफी कम प्रतिस्पर्धी रह जाएगी। अमेरिका ने पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रखा है। भारत के कुल झींगा निर्यात में से 40 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर व इंडोनेशिया

अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्यातकों के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जमे हुए झींगा का निर्यात 7,16,004 टन था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका ने 2,97,571 टन आयात किया, उसके बाद चीन (1,48,483 टन), यूरोपीय संघ (89,697 टन) और जापान (35,906 टन) का स्थान रहा।

भारत के झींगा मछली, कालीन, चिकित्सा उपकरण और स्वर्ण आभूषण जैसे निर्यात क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा बुधवार को घोषित 27 प्रतिशत शुल्क का असर देखने को मिलेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और फार्मा जैसे निर्यात क्षेत्र अमेरिका में अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले थोड़ी बेहतर स्थिति रहेंगे।

- भारत अमेरिका में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में
- अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने लगाया गया शुल्क
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने नई शुल्क नीति घोषित की गई

अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक

अमेरिका को ब्लैक टाइगर झींगा का निर्यात मात्रा के लिहाज से 35.37 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 32.35 प्रतिशत बढ़ा है। इसी तरह, अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह करीब दो अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28 प्रतिशत (10 अरब डॉलर) था।

भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने व चांदी का किया निर्यात : *वर्ष 2024 में, भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने और चांदी का निर्यात किया। इसमें 13.32 प्रतिशत का शुल्क अंतर है। देश तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, जड़े हुए सोने के आभूषण, सादे सोने के आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरे और चांदी के आभूषणों सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े आभूषण निर्यात बाजारों में से एक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।"*

चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में चुनौतियां पैदा हो सकती है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री (एआईएमईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने से इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर का था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात काफी अधिक 1.52 अरब डॉलर का था।

भारत के प्रतिस्पर्धी देशों पर उच्च शुल्क लगाया गया

सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत के लिए शुल्क में भारी वृद्धि के बावजूद, यह प्रथम दृष्टया परिधान क्षेत्र के लिए भारत के लिए लाभ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया और श्रीलंका पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाया गया है।

गलत इंजेक्शन से कानपुर में भाजपा नेत्री की मौत, बवाल, जांच के आदेश

मुंबई हलचल/संवाददाता

कानपुर। दो द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन नेयहां की एक भाजपा नेता की जान ले ली। घटना के विरोध में परिजनों ने जमकर बवाल भी किया। मौके पर पुलिस भी पहुंची। वहीं घटना की जांच के भी आदेश दिए गए हैं। प्राप्त विवरण के मुताबिक आवास विकास निवासी सुनीता शुक्ला (56 साल) भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और अंतरराष्ट्रीय महिला महासभा की पदाधिकारी थीं। पैर में दर्द होने पर उन्हें उनकी दोनों बेटियां, तृप्ति और ऋचा उन्हें एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचीं थीं। मौके पर पहुंची पुलिस को बेटी ऋचा ने बताया कि मेरी मां के पैर में मामूली दर्द था, लेकिन अस्पताल संचालक ने उन्हें आई सी यू में भर्ती कर लिया। और देर रात 10:30 बजे कंपाउंडर ने उन्हें एक इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। बेटियों के मुताबिक जब उन्होंने स्टाफ और अस्पताल के ऑनर से इस बारे में बात की, तो उन्हें धक्का देकर वार्ड से बाहर निकाल दिया। इंजेक्शन के करीब 10 मिनट बाद भाजपा नेत्री सुनीता शुक्ला की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस बारे में बेटियों का आरोप है कि पैसे कमाने के चक्कर में अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें आई सी यू में भर्ती किया। यहां कंपाउंडर ने उनको गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। 10 मिनट तक तड़पती रहीं, फिर दम तोड़ दिया। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में हुई इस घटना के बारे में बेटियों का कहना है कि अस्पताल ने उन्हें मां की डेडबॉडी को जिंदा बताकर सौंप दिया। जब हमने विरोध किया तो अस्पताल संचालक ने स्टाफ के साथ मिलकर मारपीट और बदसलूकी की। इसके बाद इस घटना के विरोध में हंगामा भी किया गया। मामले की शिकायत बड़े अधिकारियों से भी की गई है, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए हैं।

जोधपुरा को रानीपुरा में जोडने का विरोध



जयपुर। नवसृजन पंचायत रानीपुरा मे जोधपुरा ग्राम को जोड़ने का ग्रामवासियो ने विरोध किया है ग्राम जोधपुरा वर्तमान मे हनुतपुरा पंचायत मे है भाजपा नेता कैलाश बाकोलिया ने बताया कि ग्राम जोधपुरा का जुड़ाव हनुतपूरा से रहा है चाहे सड़क मार्ग हो, व्यापार हो, रोजगार के लिए भी जोधपुरावासी हनुतपूरा पर निर्भर रहा है स्कूल, कालेज, हास्पिटल सभी हनुतपुरा मे उपल्बध है जो कि नवसृजन पंचायत रानीपुरा मे नही है इस सम्बंध मे मुख्यमंत्री, संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर विरोध किया है और चेतावनी दि है कि जोधपुरा को यथावत ग्राम पंचायत हनुतपुरा मे नही रखा गया तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा रामफूल मीणा,छीतरमल रैगर पूर्व उपसरपंच, कैलाश जाट, प्रहलाद सहाय रैगर, मखनलाल मीणा, शिवदयाल गुर्जर, बाबुलाल मीणा, सुभाष मीणा आदि ने विरोध जताया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

30 की उम्र के बाद डायट में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाएं

उम्र के साथ-साथ हमारा डाइजेशन कमजोर होने लगता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार कहते हैं, 30 की उम्र पार करने के बाद शरीर आसानी से डायट में शामिल कैल्शियम को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं कर पाता। ऐसे में कैल्शियम की कमी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लिहाजा जरूरी है कि 30 की उम्र के बाद अपनी डायट में कैल्शियम की कमी को पूरा किया जाए।

सोयाबीन: हफ्ते में एक बार सोयाबीन की सब्जी खाएं या डायट में सोयाबीन की मात्रा बढ़ाएं। इससे शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिलेगा।

स्प्राउट्स: भूख लगने पर एक बाउल स्प्राउट्स खाएं। इनसे कैल्शियम और अन्य जरूरी न्यूट्रिएंट्स की पर्याप्त मात्रा मिलेगी।

तिल: रोज 2 चम्मच भुना तिल खाएं। इससे पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम मिलेगा। स्वाद बदलने के लिए तिल की चिक्की या लड्डू भी खा सकते हैं।

कैल्शियम की कमी को नजरअंदाज न करें

नींबू पानी: रोज शाम एक गिलास नींबू पानी पिएं। इससे मिलने वाला विटमिन सी कैल्शियम लेने में मदद करेगा। दिनभर में कोई एक खट्टा फल खाने से भी फायदा मिल सकता है।

रागी: हफ्ते में 2 बार रागी के आटे से बनी इडली, दलिया या चीला खाएं। इससे पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम मिलेगा।

जीरे का पानी: रातभर 2 गिलास पानी में एक छोटा चम्मच जीरा भिगो दें। सुबह इसे उबालें। पानी आधा रह जाए तो छानकर पी लें।

सुबह की धूप: रोज सुबह 8 बजे से पहले 10 मिनट धूप में रहें। इससे शरीर में विटमिन ऊ की मात्रा बढ़ जाएगी और कैल्शियम लेने में मदद मिलेगी।

ये फूड हैं कैल्शियम के बेस्ट सोस

हरी सब्जियां: ब्रॉकली, बीन्स, खीरा जैसी हरी सब्जियां खाएं। इनमें मैग्नीशियम काफी होता है, जिससे शरीर को कैल्शियम ग्रहण करने में मदद मिलती है।

अंजीर और बादाम: रातभर पानी में 2 अंजीर और 4 बादाम भिगोकर रखें। सुबह इन्हें चबाकर खा लें। पर्याप्त कैल्शियम मिलेगा।

डेयरी प्रॉडक्ट्स: डायट में दूध, दही, पनीर, चीज जैसे डेयरी प्रॉडक्ट्स की मात्रा बढ़ाएं। इनसे पर्याप्त कैल्शियम मिलेगा।

वैक्सिंग के बाद ऐसे बचें सूजन से

स्किन वैक्सिंग के दौरान बेहद पीड़ा होती है। इसके बाद स्किन पर सूजन और पिंपल्स की समस्या भी देखी जाती है। वैसे तो इस सूजन में कोई दर्द नहीं होता पर जब होता है तो समझ में नहीं आता कि इससे छुटकारा पाने के लिए क्या किया जाए।

यहां यह बात महत्वपूर्ण नहीं कि वैक्सिंग - करवाने के तुरंत बाद आपकी स्किन पर सूजन आती है या फिर कुछ दिन बाद। जरूरी यह है कि उसे लंबे समय तक इग्नोर न किया जाए। अगर एक- दो दिन बाद भी ये सूजन कम न हो तो हमें आवश्यक उपचार कराना चाहिए। इसके लिए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बता रहे हैं।

एलोविरा की पत्तियां - एलोविरा की पत्तियां इस तरह के सूजन को कम करने में मददगार साबित होती हैं। इसके लिए एक पत्ती को हाथ में लें फिर रगड़कर इसके जेल को निकाल लें। इसे एयरटाइट डिब्बे में बंद कर रख दें। कुछ समय तक इस जेल से सूजन वाली जगह पर मालिश करें और रात भर लगा हुआ छोड़ दें। ऐसा लगातार कुछ रातों तक करें।

टी ट्री ऑयल - दो तीन बूंद टी ट्री ऑयल और एक चम्मच ऑलिव ऑयल लेकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इससे प्रभावित जगह पर अच्छी तरह से करीब एक मिनट तक मालिश करें और रात भर लगा रहने दें।

सेब का सिरका - सेब के सिरके को बराबर अनुपात में पानी के साथ मिला लें। इस मिश्रण को रूई की सहायता से सूजन पर लगाएं। करीब दस मिनट तक लगा रहने के बाद सूख जाने पर पानी से धो डालें। ऐसा दिन में दो बार करें।

नारियल तेल - वैक्सिंग के बाद स्किन को क्लीनजर से साफ कीजिए। फिर स्किन को सुखा कर नारियल तेल लगाइए। इसे लंबे समय तक लगा रहने दीजिए। नहाने से पहले हर रोज ऐसा करने से सूजन जल्द ही खत्म हो जाएगा।

जंक फूड के सेवन से अवसाद बढ़ने का खतरा

फास्ट फूड, केक और प्रोसेस्ड मीट के ज्यादा सेवन से अवसाद यानी डिप्रेशन का खतरा तेजी से बढ़ सकता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। ब्रिटेन की मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के अनुंधानकताओं ने पाया है कि जलन पैदा करने वाले आहार जिनमें कलेस्ट्रॉल, वसा और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा होती है, उनके सेवन से अवसाद का खतरा 40 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

एक टीम ने अवसाद और जलन पैदा करने वाले आहारों के बीच संबंध पर आधारित 11 अध्ययनों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। यह विश्लेषण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और मध्य पूर्व में फैले 16 से 72 आयुवर्ग के अलग अलग नस्ल के 1 लाख लोगों पर किया गया है। सभी अध्ययनों के दौरान प्रतिभागियों में अवसाद और अवसाद के लक्षण पाए गए हैं। सभी अध्ययनों में जलन पैदा करने वाला आहार लेने वालों में अवसाद और इसके लक्षण का खतरा करीब डेढ़ गुणा ज्यादा पाया गया।

पत्रिका क्लिनिकल न्यूट्रिशन में छपे अध्ययन के नतीजों में साफ है कि सभी आयु वर्ग और लिंग के लोगों के बीच अवसाद का खतरा है। मैनचेस्टर मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी के स्टीव ब्रेडबर्न ने कहा, इस अध्ययन से अवसाद और अन्य रोगों जैसे अल्जाइमर के उपचार में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा, उपचार की जगह अपने आहार में बदलाव करके इस खतरे से बचा जा सकता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

जाह्नवी कपूर ने 'डरावनी डेट' का किया खुलासा

कोरोना महामारी के बीच आमजनों की तरह बॉलीवुड सेलेब्स भी अपने-अपने काम पर लौट आए है। ऐसे में सेलेब्स से जुड़े कई कहानी-किस्से, थ्रोबैक फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। वहीं, सेलेब्स भी चैट शो में शामिल होकर अपने एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं और पुरानी यादों को ताजा कर रहे हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और कुछ डरावनी बातों को शेयर किया। जाह्नवी ने एक इंटरव्यू में अपने डेटिंग एक्सपीरियंस के बारे में बात की। उन्होंने बातचीत के दौरान अपनी डेटिंग लाइफ के डरावने वक्त के बारे में बताया, जिन्हें याद कर वे आज भी सहम जाती है। जाह्नवी ने बताया कि कॉलेज के दिनों में वह एक डेट पर गई थीं और वो एक्सपीरियंस उनके लिए काफी खराब था। उन्होंने बताया, मैं डेट नहीं करती। मैं डेट्स पर बाहर जाना पसंद नहीं करती। मुझे लगता है आखिरी बार जब मैंने यह किया था तब मैं लॉस एंजलिस में कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी। जाह्नवी ने इस डेट को एक डरावना एक्सपीरियंस बताते हुए कहा- वो गलत था। उसने मुझे कुछ गलत ही कहा था। जाह्नवी ने बताया कि अगर वह किसी को पसंद करती हैं तो कभी भी खुद उसकी तरफ पहला कदम नहीं बढ़ाती हैं। वे इस मामले में बहुत शमीर्ली है इसलिए वह कोशिश करती हैं कि सामने वाले कि लिए हिंट छोड़ दें। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सामने वाले में दिलचस्पी है ये बात वह तब तक सामने नहीं आने देती हैं जब तक उन्हें ये साफ नहीं हो जाता है कि सामने वाला भी उनके बारे में यही सोचता है। उन्हें आंखों-आंखों में बातें करना पसंद है।

इस वजह से 2 बार शादी करना चाहती हैं जन्नत गर्ल सोनल चौहान

फिल्म 'जन्नत' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस सोनल चौहान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती है। अब सोनल ने अपनी शादी को लेकर एक बयान दिया है, जिसके बाद वह चर्चा में आ गई हैं। सोनल चौहान ने कहा कि वह दो शादियां करना चाहती हैं। एक समंदर किनारे और दूसरी पहाड़ों पर। उन्होंने यह बात प्रकृति के बारे में चर्चा करते हुए बोली है। खबर के अनुसार सोनल चौहान ने कहा है कि वह प्रकृति से बहुत प्यार करती हैं। इसलिए वह दो शादियां करना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, हां, मुझे प्रकृति से बहुत प्यार है, यह काफी सुखद है। हमारी जिदंगी में इसका बहुत महत्व है। प्रकृति की तुलना में मुझे और किसी से खुशी नहीं मिलती है। चाहे वह बाहर की सैर कर रहा हो या पेड़ों के करीब जाना है। या फिर बस सुबह-सुबह पक्षियों के चहकने की आवाज सुनना हो। यही वजह है जोकि मुझे जल्दी जागना पसंद है। इसके बाद सोनल चौहान ने अपनी शादी को लेकर भी बात की। वह चाहती है कि उनकी शादी प्रकृति के साथ पृष्ठभूमि के रूप में हो। सोनल चौहान ने कहा, जब मैं शादी करूं तो मैं दो शादियां करना चाहती हूं। एक समंदर के किनारे और एक पहाड़ों पर। एक रेत में और एक सुंदर चट्टान पर तो वह बहुत प्यारी होगी।



महाभारत के कर्ण का किदरार निभाएंगे शाहिद

फिल्म 'कबीर सिंह' की सफलता के बाद बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर के पास कई प्रोजेक्ट्स की लाइन लगी हुई है। इसी बीच शाहिद अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। खबरों के अनुसार शाहिद जल्द ही 'महाभारत' के कर्ण की भूमिका निभाते हुए नजर आ सकते हैं। इसके लिए शाहिद कपूर ने मशहूर निर्माता-निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा से हाथ मिलाया है। खबरों के मुताबिक इस फिल्म में कर्ण का किरदार अहम होगा। फिल्म में महाभारत की कहानी कर्ण के नजरिए से दिखाई जाएगी। कहा जा रहा है कि राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने अपनी इस फिल्म के लिए मेगा बजट तैयार कर रखा है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा हमेशा से ही कर्ण पर फिल्म बनाना चाहते थे, अब इस प्रोजेक्ट के जरिए आखिरकार उनका सपना पूरा होने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए अब शाहिद के फैंस भी काफी उत्साहित हो गए हैं। हालांकि, फिलहाल फिल्म को लेकर आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं हुआ है।